


RNI No. PUNBIL/2014/59416

# UTURN TIME यूटर्न टाईम

UTURNTIME.COM

THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

JAN HETAISHI
JAN JAN KI BAAT
A Venture of UTURN TIME
/janhetaishi

VOL:01 | ISSUE:88 | WEDNESDAY, DATE: 13-04-2022 | RS.2 | PUBLISH BY: LUDHIANA | DAILY EVENING NEWSPAPER | FOLLOW US ON @UTURNTIME


# कानून-अ-व्यवस्थाः स्मार्ट सिटी की दौड़ में लुधियाना हांफ रहा, अपराधी खूब 'दौड़' रहे

**मनी एक्सचेंजर से पिस्तौल की नोक पर लूट**

## अपराधियों का चौतरफा राज, लगातार वारदातें, हर रोज लूट, किडनैपिंग, चोरी के मामले अनट्रेस

लुधियाना / यूटर्न / 13 अप्रैल। इस इंडस्ट्रियल सिटी में औसतन हर रोज लूटपाट, किडनेपिंग की कोशिश, चोरियां होने से आम आदमी से लेकर कारोबारी तक खुद को सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे। इसे पुलिस की भाषा में अपराधियों की बौखलाहट और जनता की नजर में अपराधियों का चौतरफा राज कायम होना ही कहेंगे। मसलन, लगातार हुए पिछले मामले अभी सुलझे नहीं कि मंगलवार की रात डाबा इलाके में एक मनी एक्सचेंजर से 60 हज़ार की लूट हो गई। बेखौफ दो लुटेरे रात करीब नौ बजे इस चहलपहल वाली रोड पर युवा मनी एक्सचेंजर तरुण कुमार से गन प्वाइंट पर लूट करके इत्मीनाम से फरार हो गए। लूट का शिकार हुए तरुण के पिता अनिल कुमार के मुताबिक वह बीती रात किसी जरुरी काम से गए थे। मनी एक्चेंज का काम करने वाला उनका युवा बेटा तरुण उनके योगेश एंटप्राइजेज के दफ्तर में बैठा था। जब वह अपने गल्ले से कैश निकाल गिनकर घर जाने की तैयारी में थे तो अचानक दो पगड़ीधारी युवक आराम से अंदर दाखिल हुए। दोनों ने अपने चेहरे ढंक रखे थे, उनको देखते ही तरुण ने गल्ला बंद कर दिया। तभी पहले दाखिल हुए नकाबपोश ने डब से पिस्तौल निकाल उनकी कनपटी पर तान दी। जबकि पीछे से आए युवक ने बड़े आराम से गल्ले की दराज खोल उसमें से सारा कैश निकालकर जेब में डाल लिया। फिर पहले अंदर से बंद करके आए उनके आफिस का गेट खोलकर टहलते हुए बाहर निकल गए।



● लुटेरे अंदर दाखिल होते ही आशंकित हुए मनी एक्चजेंचर तरुण कुमार कैश वाली दराज बंद करने की कोशिश करते हुए।



● लूट का शिकार हुए युवा मनी एक्सचेंजर तरुण कुमार।

### मोबाइल के सिम ले गए, धमकी भी दी

तरुण के मुताबिक लुटेरे इतने शातिर थे कि जब कैश लूटकर जाने लगे तो उनके एक मोबाइल फोन का सिम निकाल वहीं तोड़कर फेंका। जबकि दो फोन के सिम अपने साथ ले गए। इतना ही नहीं, जाते हुए धमकी दे गए कि किसी से कुछ मत बताना, वर्ना बाद में आकर गोली मार देंगे। लूट की सूचना मिलते ही पुलिस भागदौड़ में जुट गई। डाबा थाने के एसएचओ दविंदर सिंह मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी के फुटेज भी खंगाले, ताकि लुटेरों का कोई सुराग मिल सके।



लूट की घटना से खौफजदा आसपास के दुकानदार रोष जताते हुए।-फोटोःअजहर अंसारी

### दुकानदारों में दहशत, जताया रोष

इस वारदात से दहशत में आए आसपास के दुकानदारों ने रोष जताया कि इस इलाके में लंबे समय से नशाखोरी, चोरी, स्नेचिंग करने वाले बेखौफ वारदातें करते हैं। अगर इन पर लगाम नहीं कसी गई तो आने वाले दिनों में फिर कोई बड़ी वारदात होने का खतरा है। आमतौर पर हर दुकानदार के गल्ले में कैश होता ही है। जो इन लुटेरों के लिए सॉफ्ट-टारगेट होते हैं।

## अपराधी बेखौफ क्यों?

लोकतंत्र में सबसे बड़ी ताकत मतदान के जरिए पंजाब में जनता ने तो बदलाव कर अपना फर्ज अदा कर दिया। जिससे निजाम तो बदल गया, मगर खासतौर पर कानून-व्यवस्था में सुधार की बजाए हालात बिगड़े ही नजर आते हैं। कम से कम सूबे की आर्थिक-राजधानी लुधियाना में तो लगातार होने वाली अपराधिक वारदातें यही संदेश दे रही हैं। सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर अपराधी बेखौफ क्यों हैं ? इसे लेकर सूबे की नई आप सरकार बैकफुट पर तो जरुर है, लेकिन उसके पास फिलहाल बचाव में पुख्ता दलील यही है कि अभी तो आए हैं, निजाम संभाला है, कुछ देर तो लगेगी हालात सुधारने में। खैर, यह तो राज-नीति की बातें हैं। जहां तक सबसे अहम महकमे गृह मंत्रालय की जवाबदेही का सवाल है तो उसके मातहत पुलिस ऐसी एजेंसी होती है, जो अगर चाहे तो हर हालात में बेहतर नतीजे दे सकते हैं। ऐसा कई मौकों पर इसी पंजाब में देखने को मिला भी, जब बहुत से पुलिस अफसरों ने सत्ता का भी दबाव माने बिना सत्ता-संरक्षण प्राप्त अपराधियों को भी सबक सिखाया है। ये वही पुलिस है, जिसने पंजाब को काले दौर से बाहर निकालने का श्रेय हासिल किया था। जनता यही चाहती भी है कि पुलिस अपना फर्ज निभाए और आम आदमी पार्टी के बदलाव के दावे की परख भी लगे हाथों हो जाए।



संदीप शर्मा
चीफ एडीटर

अपने इलाके की जन समस्याओं के लिए आप हमसे दिए हुए नंबर पर संपर्क करें-9888200619, 9818884612

# ईस्टमैन कंपनी के मालिक की कार को चोरों ने बनाया निशाना

## लैपटॉप, जरूरी कागजात, कैश ले उड़े चोरों का सुराग नहीं मिला



● ईस्टमैन कंपनी के मालिक अमन सिंगला।



लुधियाना / यूटर्न / 13 अप्रैल। वाकई शहर में चौतरफा मार कर रहे अपराधी किसी को नहीं बख्शा रहे। शातिर चोरों ने नामचीन ईस्टमैन कंपनी के मालिक अमन सिंगला की कार को ही निशाना बना लिया। कार से लैपटॉप, कैश और जरूरी दस्तावेज वाले तीन बैग लेकर फरार हुए चोरों का तीसरे दिन भी कोई सुराग नहीं मिल सका। इस मामले में आत्मनगर चौकी की पुलिस केस दर्ज कर तफ्तीश में जुटी है, हालांकि तीसरे दिन भी शातिर चोरों का कोई सुराग नहीं मिल सका। कंपनी के मालिक अमन सिंगला के मुताबिक वह सोमवार को अग्र नगर के ए-ब्लॉक स्थित अपने घर से फैक्ट्री जा रहे थे। उसी दौरान मॉडल टाउन इलाके से आत्म पार्क वाले कट पर मुड़ते समय उनकी मर्सिडीज कार का टायर पंक्चर हो गया। वहीं कार का ड्राईवर पंक्चर पहिए को बदलने लगा तो जल्दी की वजह से नीचे उतरकर अमन भी उसकी मदद करने लगे। इसी बीच आए शातिर चोर पलक झपकते ही कार में रखे लैपटॉप, दस्तावेज व कैश वाले बैग लेकर रफुचक्कर हो गए। साथ ही कार में उन्होंने कोई मिर्च पाउडर जैसा स्प्रे किया, जिससे कारोबारी अमन ने कार में बैठते ही आंखों में जलन भी महसूस की।

# लुधियाना की डीसी सुरभि मलिक ने संभाला कार्यभार

## पूर्व डीसी वरिंदर शर्मा ने भावुकता वाले खुशनुमा माहौल में सौंपा चार्ज





लुधियाना/यूटर्न/13 अप्रैल। पंजाब के सबसे बड़े जिले की नव-नियुक्त डिप्टी कमिश्नर सुरभि मलिक ने बुधवार को औपचारिकताएं पूरी करने के बाद अपना कार्यभार संभाल लिया। यह मौका कई मामलों में अहम रहा। भावुकता वाले खुशनुमा माहौल में पूर्व डीसी वरिंदर कुमार शर्मा ने उनको चार्ज सौंपा। दरअसल खास मौका कई पहलुओं से रहा। पंजाब सरकार की ओर से नारी-सशक्तिकरण का संदेश देते हुए किसी महिला आईएएस को पहली बार सबसे बड़े जिले का सबसे बड़ा ओहदा सौंपा गया। लिहाजा गार्ड आफ ऑनर लेते वक्त सुश्री सुरभि के चेहरे पर सम्मान पाने की यह खुशी साफ झलक रही थी। दूसरे इसी जिले से अपना प्रशासनिक करियर शुरु करने की वजह से उनका स्टाफ और जिले की जनता के प्रति अपनापन भी उनकी भावनाओं में साफ नजर आ रहा था। जबकि चार्ज सौंपते वक्त भावुक लग रहे पूर्व डीसी वरिंदर कुमार शर्मा भी अपने जज्बात छिपाने के लिए मुस्कुराते नजर आए। काबिलेजिक्र है कि कोरोना-काल में जिले के सबसे अहम पद पर रहते हुए तत्काली डीसी वरिंदर कुमार शर्मा फ्रंट-वॉरियर की कमान बखूबी संभाल रहे थे। कोरोना-काल में ही ड्यूटी के दौरान अपने सहयोगी एसीपी अनिल कोहली की शहादत से वह खासे आहत हुए थे। फिर भी जिले की जनता की हिफाजत की खातिर खतरा मोल लेकर दिन-रात जनसेवा में जुटे रहे थे। इस जिले से खास लगाव हो जाने की वजह से जाहिर तौर पर वह बुधवार को भावुक दिखे। जबकि नव-नियुक्त डीसी सुरभि मलिक ने इस मौके पर कहा कि प्रशासन लोगों के लिए है और इसे सरल बनाया जाएगा। साथ ही जोर देकर कहा लुधियाना उनके लिए नया नहीं है, यहीं से उनके करियर की शुरुआत हुई थी।




# सुबह से हवाएं चलीं, गर्मी से कुछ राहत, फिर तपिश बढ़ सकती है



लुधियाना / यूटर्न / 13 अप्रैल। हिमाचल प्रदेश में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस का असर बुधवार को यहां भी देखने को मिला। शहर और आसपास के इलाकों में सुबह हवाएं चलने से गर्मी से कुथ राहत मिली। सुबह तकरीबन दस किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। जिसके चलते सुबह में तापमान महज 21 डिग्री सेल्सियस तक ही रहा।


जबकि कई दिनों से सुबह ही तापमान 24 से 26 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता था। मौसम विभाग के मुताबिक आंधी चलने के आसार को देखते हुए रात में भी तापमान में गिरावट रहने की उम्मीद है। गौरतलब है कि आज दिन ढलने के समय पारा भी 37-38 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा। हालांकि मौसम विभाग ने आशंका जताई है कि वीरवार को फिर मौसम तेजी से करवट बदलेगा और तपिश बढ़ने का खतरा रहेगा। बारिश होने पर ही कुछ राहत मिलने के आसार हैं। हालांकि मौसम माहिर फिलहाल आने वाले दिनों में बारिश न होने की आशंका जता रहे हैं।

# एनजीओ द्वारा स्कूली बच्चों को स्टेशनरी बांटी गई



लुधियाना/यूटर्न/13 अप्रैल। अंबेडकर जंयती और बैसाखी के पावन पर्व को समर्पित समाजसेवा अभियान के तहत लुधियाना भलाई मंच ने स्कूली बच्चों का उत्साह बढ़ाने का सराहनीय काम किया। संस्था के सदस्यों ने पूर्व कौंसलर कपिल कुमार सोनू की अगुवाई में जवाहर नगर स्थित लड़कियों वाले सरकारी प्राइमरी स्कूल में बच्चों को स्टेशनरी सामग्री उपहार के तौर पर सौंपी। इस दौरान समाजसेवी शीशपाल, अजय डंग, दीपू कालड़ा, हैप्पी घई, आशीष पाली के अलावा मैडम गुरप्रीत कौर, मनप्रीत कौर, अमनदीप कौर, रमा, शिल्पी, ज्योति बाला की खास मौजूदगी रही।

## वीरवार को नहीं रहेगी बिजली



लुधियाना / यूटर्न / 13 अप्रैल। पीएसपीसीएल द्वारा 11 केवी फीडरों की मरम्मत का अभियान लगातार चलाया जा रहा है। जिसकी वजह से लुधियाना में 14 अप्रैल यानि वीरवार को कई इलाको में सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक बिजली सप्लाई बंद रहेगी। जिससे प्रभावित होने वाले क्षेत्रों में विश्वकर्मा नगर फीडर, ताजपुर रोड, मायापुरी, कश्मीर नगर और न्यू शक्ति नगर व आसपास के इलाके शामिल रहेंगे।

## बाबा बालकनाथ की झंडा फेरी निकाली





लुधियाना/यूटर्न/13 अप्रैल। आस्था के प्रतीक बाबा बालक नाथ जी की भव्य झंडा फेरी न्यू सुभाष नगर से निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। यह धार्मिक यात्रा न्यू माधोपुरी पहुंचकर संपन्न हुई। जिसमें बाबाजी के प्रमुख सेवादारों में रमेश कुमार बिट्टू, संदीप अरोड़ा, बंटी सिंह, दमन बतरा, साहिल मल्होत्रा ने आए हुए भक्तों का फूलों की वर्षा करके स्वागत किया। इस दौरान भंडारा भी लगाकर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

## नन्हे-मुन्नो स्कूली बच्चों ने बैसाखी सेलिब्रेशन में खूब मचाया धमाल



लुधियाना/यूटर्न/13 अप्रैल। शहर के शहीद भगत सिंह नगर स्थित किड्स लैंड प्लेवेअ स्कूल एंड डे केयर सेंटर में बैसाखी उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें नन्हे मुन्ने बच्चे रंग-बिरंगी वेषभूषा में शामिल हुए। पंजाबी सांस्कृतिक परिधानों में सजे बच्चे पंजाबी संस्कृति को दर्शा रहे थे। इस अवसर स्कूल की प्रमुख श्रीमती रितु सोनी ने बैसाखी के त्यौहार के बारे में जानकारी देते हुए सभी बच्चों, अभिभावकों एवं स्टाफ मेंबर्स को बधाई दी। उत्सव में बच्चों की पंजाबी गिद्दा एवं भंगड़ा परफारमेंस ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर कृदय मित्तल, जपनूर, विवान, हरमन, राजवीर आदि बच्चों सहित स्कूल स्टाफ मेंबर्स एवं अभिभावक भी शामिल हुए।

## लंदन किड्स यूके कॉन्सेप्ट इंटरनेशनल प्रीस्कूल चेन ने बैसाखी मनाई



लुधियाना/यूटर्न/13 अप्रैल। बुधवार को लंदन किड्स यूके कॉन्सेप्ट इंटरनेशनल प्रीस्कूल चेन ने बैसाखी मनाई है। स्कूल परिसर को अच्छी तरह से सजाया गया था और कई बच्चे अपने पारंपरिक पंजाबी रंगीन परिधानों में देखे गए थे। नन्हे-मुन्नों ने ढोल की थाप पर खूब मस्ती की और पंजाबी डांस किया। हमारे मुख्य अतिथि विधायक चौधरी मदन लाल के पुत्र गौरव बग्गा खुराना ने अपने कुछ शब्द कहकर स्कूल की सराहना की है। सर के लिए धन्यवाद, उन्होंने हमारे लिए समय निकाला। और हमारे बैसाखी समारोह में भाग लिया। विनीत गुप्ता और गायत्री के लिए विशेष धन्यवाद गुप्ता के योगदान के लिए।

## शहीद सुखदेव की जन्मस्थली को सीधा रास्ता देने की 15 दिन में प्रकिया पूरी न हुई तो करेंगे भूख हड़ताल : अशोक थापर

### सीएम मान मान 15 मई को सीधा रास्ता देकर शहीद सुखदेव के जन्म दिवस पर भेंट करे श्रद्धासुमन



लुधियाना / यूटर्न / 13 अप्रैल। नौघरा स्थित शहीद सुखदेव की जन्मस्थली को चौड़ा बाजार पीएनबी बैंक वाली गली से सीधा रास्ता देने की प्रकिया में देरी होने से खफा होकर शहीद सुखदेव थापर मैमोरियल ट्रस्ट ने राज्य सरकार को संबधित लग भग कुछ गज 40 वर्ग गज भूमि एक्वायर करने के लिए 15 दिन का अल्टीमेटम दिया।

अगर राज्य सरकार ने इस अवधि के दौरान भूमि एक्वायर न की तो ट्रस्ट देश भक्त संगठनो को साथ लेकर भूख हड़ताल शुरु करेगा।

उपरोक्त चेतावनी देते हुए ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष व शहीद सुखदेव के वंशज अशोक थापर ने कहा कि शहीद की जन्मस्थली को सीधा रास्ता देने के लिए प्रकिया लगभग पूरी हो चुकी है व ज़मीन के मालिक ने तीन लाख प्रति गज के हिसाब से मुआवजा मांगा है । नगर-निगम से लेकर राज्य सरकार से संबधित हर विभाग ने अपनी-अपनी तरफ से जन्म स्थली को सीधा रास्ता देने के लिए अड़चन बन रही करीब 40 वर्ग भूमि एक्वायर करने का मार्ग प्रशस्त कर दिया है।

मगर स्थानीय स्तर पर तैनात कुछ एक कर्मचारी इस प्रकिया की फाइल को इधर से उधर भेजने की आड़ में मामले को लंबा खींचने के प्रयत्न कर रहे है। उन्होने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान से सनिम्र निवेदन किया कि उक्त भूमि एक्वायर करने की प्रकिया पूर्ण कर वह (मान) शहीद सुखदेव के जन्म दिवस 15 मई को उसका उदघाटन अपने हाथों से करके शहीद की तरफ से देश की आजादी के लिए की गई कुर्बानी का अहसान चुकाने का प्रयत्न करें।

## श्री बालाजी मंदिर में श्रद्धाभावना के साथ मनाया जायगा श्री हनुमान जी का जन्मोत्सवः अमन जैन

लुधियाना / यूटर्न / 13 अप्रैल। सिद्व पीठ महाबली संकटमोचन श्री हनुमान मंदिर जोशी नगर धाम शंकराचार्य नगर (हैबोवाल कलां) प्राँगन में श्रंखलाबद्ध 1035 वां हवन यज्ञ विशाल संध्या चौंकी का



आयोजन किया गया। हवन यज्ञ में नरिंदर नंदू परिवार,जोशी परिवार,अमित डोगरा,जुगल किशोर डोगरा हिमाचल से भाग्यशाली परिवार द्वारा पूर्णाआहुति दी गई व विश्व कल्याण की प्रार्थना की।संध्या चौंकी का आयोजन प्रधान अमन जैन की अध्यक्षता में किया गया।संध्या चौंकी प्रसिद्ध भजन मंडली द्वारा श्री बालाजी महाराज जी की महिमा का गुणगान अपने भजनों के माध्यम से किया। मंदिर प्रधान अमन जैन व् सेवक अनुज मदान व् मंदिर कमेटी द्वारा दरबार में नतमस्तक होने आये मुख्य मेहमानों का मंदिर का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। उन्होंने कहा कि बहुत ही हर्ष की बात है कि आज श्री बालाजी महाराज जी का मंदिर भक्तों की आस्था का केंद्र बन गया है और बच्चों के मुंडन कराने यहां भक्त पहुंच रहे है। प्रधान अनुज मदान व् सेवक अनुज मदान ने कहा कि 16 अप्रैल को श्री बालाजी महाराज जी का जन्मोत्सव है जिसके उपलक्ष्य में मंदिर प्रांगण में संध्या चौंकी का आयोजन किया जा रहा है और श्री बालाजी महाराज जी के दरबार की दिव्य सजावट की जाएगी। श्री बालाजी महाराज जी को सवा मनी प्रसाद लगाया जाएगा व् महाआरती की जाएगी।

जेजे शाल्स व सरजीवन हॉजरी परिवार के तरलोक चंद जैन के



पुत्र अखिल जैन का निधन हो गया है। जिनका दोपहर 11 बजे सिविल लाइन श्मशान घाट में विधिवत संस्कार किया गया।

## क्लासीफाइड

### Change of Name

I, Neelam Bhagat W/O Late Anil Bhagat R/O 548-L, Model Town, Ludhiana declares that Neelam Bhatia & Neelam Bhagat both are my names. All Concerned Note.

### जन्मदिन मुबारक



लक्ष्य



आयुश जिंदल



पुनीत बावा

PUBLISH YOUR
Birthday Photograph
& GET A CHANCE TO WIN BIRTHDAY CAKE WORTH RS. 800 EACH
1 FOR YOUNGEST & 1 FOR OLDEST
*T&C
belfrance
bakers & chocolatiers
0161-4612000, 4633305
FOR MORE DETAILS, CALL: 99882-20063, 98142-95372
groupkindia@gmail.com, hetaishinews@gmail.com

ADVERTISEMENT
जन्मदिन/सालगिरा/शोक समाचार प्री
रस्म किरिया/श्रद्धांजलि ₹2000
क्लासिफाइड डिस्पले ₹500 - 3
M: 98142-95372

### पांच दिवसीय शोमैन ग्रैंड शॉपिंग एक्सपो 14 अप्रैल से

# सरकारी गर्ल्स कॉलेज के ग्राउंड में होंगे, 150 स्टॉलों पर डिस्प्ले होंगे लेटेस्ट उत्पाद

लुधियाना / यूटर्न / 13 अप्रैल। पांच दिवसीय शोमैन ग्रैंड शॉपिंग एक्सपो 14 अप्रैल से महानगर में फिरोजपुर रोड पर श्री दुर्गा माता मंदिर के पास सरकारी गर्ल्स कॉलेज के मैदान में लगेगी। यह महा-प्रदर्शनी 18 फरवरी तक चलेगी, जिसमें सबकी जरुरतों को पूरा करने वाले लेटेस्ट प्रोडक्ट्स के 150 स्टॉल्स लगे होंगे। जिन पर किफायती दामों में अच्छी क्वालिटी के उत्पाद मिलेंगे।



गौरतलब है कि शोमैन एसोसिएट्स प्रा लिमिटेड 26 वर्षों के अनुभव के साथ प्रदर्शनियों के आयोजन के सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड के साथ लिमिटेड और लाइफस्टाइल के 253 शो पेश कर चुका का है। इस एक्सपो में चौथे संस्करण का उद्घाटन हो रहा है। शोमैन एसोसिएट्स अपने सिल्वर जुबली अनुभव के साथ नवीनतम उत्पादों के साथ प्रदर्शनी लगाते हैं। कंपनी के प्रमुख व प्रदर्शनी के आयोजक सतीश शर्मा शोमैन की टीम के निमंत्रण पर प्रदर्शनी का उद्घाटन लुधियाना वैस्ट के आप विधायक गुरप्रीत बस्सी गोगी 14 अप्रैल को शाम 4 बजे करेंगे। उल्लेखनीय है कि यह महा प्रदर्शनी एक लाख वर्ग फुट क्षेत्र में लगने वाली सबसे बड़ी ग्राउंड प्रदर्शनी है। जहां विभिन्न फर्निचर एंड डेकोर, कंज्युमेक्स, फैशन एंड अपैरल, ग्लोबल एंड ब्रांड एक्सपो, फूड एंड हेल्थ एक्सपो, उपभोक्ता शो का ऑटोमोबाइल ब्रांडेड खाद्य उत्पाद, उपभोक्ता वस्तुएं, सौंदर्य प्रसाधन और डिजाइनर आभूषण, बेकरी व कन्फेक्शनरी, रसोई उपकरण मुहैया होंगे। इसी तरह इलैक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स गैजेट्स, सहायक उपकरण, खाद्य व स्वास्थ्य देखभाल उत्पाद, संगमरमर कला, घरेलू सजावट, घरेलू उपकरण, उपहार, डिजाइनर वस्त्र, अन्य कपड़े, फर्नीचर व फर्निशिंग, इंटीरियर-एक्सटीरियर, फिटनेस उपकरण, रियल एस्टेट, पुरुषों के डेनिम व पतलून, पर्सनल एंड कॉर्पोरेट सेवाएं, सॉफ्टवेयर व हार्डवेयर भी मिलेंगे। जबकि उपभोक्ताओं को आकर्षक ऑफर और विभिन्न योजनाएं भी इस दौरान मिलेंगी।

# पूर्व चेयरमैन ने लुधियाना सिटी सेंटर को शुरु करवाने संबंधी सीएम को दिये सुझाव

लुधियाना/यूटर्न/23 अप्रैल। महानगर को स्मार्ट सिटी बनाने व इंप्रास्चट्रक्चर के विकास के लिए सिटी सेंटर का निर्माण, रानी झांसी रोड पर कमर्शियल कांप्लेक्स की नीलामी व डिगरी रोड श्मशान घाट के नजदीक खाली पड़े 3.50 एकड़ एव अन्य इंप्रूवमेंट ट्रस्ट की जमीने बेचकर लुधियाना की प्रगति व उन्नति के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। यह विचार लुधियाना इंप्रूवमेंट ट्रस्ट के पूर्व चेयरमैन व एडवोकेट अशोक जुनेजा ने व्यक्त किये। जुनेजा ने कहा कि रिटायर्ड चीफ जस्टिस आफ इंडिया ने अपने ऑर्डर मेंकहा था कि टुडे होम ट्रस्ट को बैठक कर आपसी समझौता कर सिटी सेंटर को बनाने का मार्ग निकालना चाहिए। जुनेजा के अनुसार यह निर्देश 2 सितंबर 2015 को आर्बीटरेटर आरसी लोहती ने एक अवार्ड के जरिए दिये थे। आज करीब 7 साल बाद भी मामला वहीं का वहीं खड़ा है। वहीं सिटी सेंटर की बिल्डिंग दिन-प्रतिदिन पुरानी हो रही है। वहीं जुनेजा ने रानी झांसी रोड पर बनी ट्रस्ट की कमर्शियल बिल्डिंग का भी दिन प्रतिदिन खराब होने का हवाला दिया। जुनेजा के अनुसार इस बिल्डिंग को प्राइवेट मॉल्स की तरह अलग-अलग ग्राहकों को पाट्र्स में बेचने पर अच्छी कीमत वसूली जा सकती है। वहीं श्मशान घाट डुगरी रोड पर 3.50 एकड़ के बड़ा प्लॉट भी कमर्शियल एससीओस व दुकानों में कन्वर्ट कर अच्छी कीमत वसूली जा सकती है। उन्होंने यह सुझाव सीएम पंजाब के अलावा प्रिंसिपल सेक्रेटरी लोकल बॉडीज, डायरेक्टर लोकल बॉडीज व लुधियाना के सभी एमएलएस के दिया है।





नगर निगम के जोनल कमिश्नर जसदेव सेखों द्वारा जोन डी का चार्ज संभालने के दौरान उन्हें फूल भेंट कर उनका स्वागत करते समर्थक व अधिकारी।

# राहत की बात है, नींबू को लगी 'नजर' उतरने लगी, मंडी में 135 रुपये किलो

### जल्द ही बाकी सब्जियों के भाव भी गिरेंगे

लुधियाना/यूटर्न/13 अप्रैल। एकाएक आम आदमी के दांत खट्टे करने वाले नींबू के भाव में गिरावट आ गई है। तीन-चार दिन पहले तक 300 रुपये प्रति किलो का आंकड़ा पार करने वाले नींबू का भाव बुधवार को मंडी में 130-35 रुपये किलो तक नीचे आ गया। सब्जियों, खासतौर पर नींबू के भाव महंगे होने के मामले में मदन लाल, अजय कुमार फर्म के मालिक अजय कुमार ने मीडिया से अहम बात कही। उनके मुताबिक 'हाइप-क्रिएटर' ऐसे लोग भी इसके लिए जिम्मेदार रहे, जो सुर्खियां बटोरने के लिए ऐसी सनसनी वाली खबरें परोसते हैं। मसलन, नींबू का फुटकर भाव अब मंडी से खरीद के बाद लागत जोड़कर भी 150-60 रुपये प्रति किलो ही होना चाहिए। बेशक, अगर शहर के पॉश इलाकों की ऊंची दुकानों के भाव जानेंगे तो वहां 250 रुपये किलो भी हो सकता है। दरअसल वहां खरीदारी भी अमीर घराने के बिजी रहने वाले लोग करते हैं, जो आम आदमी की तरह मोल-भाव नहीं करते हैं। बरनाला हाइवे स्थित गुरुसर सुधार के सब्जी विक्रेता धीरज कुमार आढ़ती की इस बात की ही तस्दीक करते हैं। उनके मुताबिक मीडिल क्लास वाले ज्यादातर उनके ग्राहकों ने नींबू जैसी बाकी महंगी सब्जियां भी खरीदनी कम कर दी थीं। लिहाजा वह मंडी से नींबू तो चार-पांच दिन लाए ही नहीं थे। उनका भी मानना है कि लोकल सब्जियां बाजार में आने के बाद बाकी महंगी सब्जियों के भाव भी हफ्ते-दस दिन में गिर जाएंगे।





# इंफोसिस को चौथी तिमाही में 22 फीसदी की बढ़ोतरी

नई दिल्ली / यूटर्न / 13 अप्रैल। इंफोसिस के चौथी तिमाही के नतीजे आ गए हैं, जो काफी शानदार रहे हैं। कंपनी का Q4 में शुद्ध लाभ 12 प्रतिशत बढ़कर 5,686 करोड़ रुपये हो गया है। वहीं कंपनी का राजस्व 22.7 प्रतिशत बढ़कर 32,276 करोड़ रुपये रहा है, जो इससे पहले की समीक्षा अवधि में 26311 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी को वित्त वर्ष 2022-23 में राजस्व में 13 से 15 फीसद बढ़ोतरी होने का अनुमान है।




### यह कैसा विकास, नगर निगम का हाल बेहाल

# हैबोवाल डेरी मार्केट दो दशक बाद भी डेवलप नहीं किया गया?

लुधियाना/यूटर्न/23 अप्रैल। इस इंडस्ट्रियल सिटी के लुधियाना वेस्ट हलके में लगते हैबोवाल इलाके में डेरी कंपलेक्स मार्केट दो दशक बाद भी नगर-निगम ने डेवलप नहीं की है। इस मार्केट में दुकान खरीदने वाले सीनियर सिटीजन कृष्ण लाल बब्बर की मानें तो उन्होंने तब दुकान खरीदी थी और अब वह 72 साल के हो चुके हैं।

इसके बावजूद इस मार्केट में सभी दुकाने खुलना तो दूर उनके आसपास बुनियादी सुविधाएं तक मुहैया नहीं कराई गई हैं। उनका इल्जाम है कि इस मामले में वह लगातार पंजाब की सत्ता में रही पार्टियों के नेताओं और इलाका विधायकों से गुहार लगा चुके हैं। इसके बाद भी आज तक इस मार्केट को शुरू करने के बारे में निगम प्रशासन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। गौरतलब पहलू है कि अगर यह मार्केट शुरू कर दी जाती तो नगर निगम को इससे अच्छी खासी इनकम हासिल होती। साथ ही इलाका निवासियों को सुविधाएं भी मिलती। इस बारे में जब इलाका विधायक गुरप्रीत बस्सी उस गोगी से बात की तो उन्होंने इस मामले को पूरी गंभीरता से लेने का दावा किया। साथ ही उन्होंने दो टूक कहा कि वह मौका मुआयना करने के बाद इस मामले में जरूर कोई प्रभावी कार्रवाई करवाएंगे।



# 2021-22 के मार्च में भारत ने किया 42.22 बिलियन डॉलर का एक्सपोर्ट

नई दिल्ली / यूटर्न / 13 अप्रैल। वाणिज्य मंत्रालय द्वारा बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, मार्च 2022 (वित्त वर्ष 2021-22) में देश का निर्यात एक साल पहले की अवधि की तुलना में 19.76 प्रतिशत बढ़कर 42.22 बिलियन डॉलर हो गया। मार्च 2021 में 35.26 बिलियन अमरीकी डॉलर का निर्यात हुआ था। वहीं, पिछले महीने यानी मार्च 2022 में आयात 24.21 प्रतिशत बढ़कर 60.74 अरब डॉलर हो गया। इसके साथ ही, मार्च 2021 में 13.64 बिलियन अमरीकी डॉलर के मुकाबले समीक्षाधीन महीने में व्यापार घाटा बढ़कर 18.51 बिलियन अमरीकी डॉलर हो गया। भारत ने बीते वित्त वर्ष (2021-22) में 400 बिलियन अमरीकी डॉलर के निर्यात लक्ष्य को हासिल किया। इस दौरान पेट्रोलियम उत्पाद, इंजीनियरिंग वस्तुओं, रत्न एवं आभूषण और रसायन क्षेत्र ने बेहतर प्रदर्शन किया और इनके योगदान से देश का कुल निर्यात 418 बिलियन डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। साल 2021-22 में निर्यात आंकड़े में बड़ा उछाल आया। इससे पहले वित्त वर्ष 2020-21 में 292 अरब डॉलर का निर्यात किया था। भारत के 400 बिलियन अमरीकी डॉलर के निर्यात लक्ष्य को हासिल किए जाने के बाद वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा था कि हाल ही में समाप्त हुए वित्त वर्ष में भारत का निर्यात बेहतर रहने का एक बड़ा कारण पेट्रोलियम उत्पादों, इंजीनियरिंग, रत्न एवं आभूषण, रसायन तथा फार्मा क्षेत्र का बढ़िया प्रदर्शन रहा है।

# सीबीआई ने नागपुर में ईपीएफओ के दो दफ्तरों की तलाशी ली

### कर्मचारियों पर लगे हैं अनियमितता के आरोप

नागपुर / यूटर्न / 13 अप्रैल। सीबीआई और कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के सतर्कता प्रकोष्ठ की एक संयुक्त टीम ने महाराष्ट्र के नागपुर शहर में ईपीएफओ के दो कार्यालयों की तलाशी ली। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई कुछ कर्मचारियों के खिलाफ अनिमियतता की शिकायत के बाद की गई है। एक अधिकारी के मुताबिक, नागपुर में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा और मुंबई से ईपीएफओ की सतर्कता टीम ने मंगलवार सुबह इंदौर के टुकडोजी चौक व उमरेड रोड स्थित ईपीएफओ कार्यालयों में तलाशी शुरू की थी, जो देर रात तक जारी रही। उन्होंने बताया कि तलाशी के दौरान अपराध की ओर इशारा करने वाले कई दस्तावेज जब्त किए गए हैं।

सूत्रों के अनुसार, बड़ी संख्या में फाइलों और भविष्य निधि (पीएफ) प्रविष्टियों की जांच की गई। कर्मचारी भविष्य-निधि और प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम के तहत जिन कंपनियों में 20 या उससे अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं, उनके लिए ईपीएफओ द्वारा संचालित सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में शामिल होना अनिवार्य है। तलाशी लेने वाली टीम ने मंगलवार को पाया कि ईपीएफओ के कुछ अधिकारियों ने 40 से 50 कर्मचारियों वाले स्कूलों और निजी कंपनियों को पीएफ दाखिल करने के लिए नोटिस जारी किया था, लेकिन ऐसे मामलों में आगे कोई कार्रवाई नहीं की गई। एक अधिकारी ने बताया कि इन कंपनियों के मालिकों द्वारा ईपीएफओ अधिकारियों को यह यकीन दिलाने का संदेह कि उनकी कंपनी सिर्फ 18 कर्मचारियों के साथ संचालित की जा रही है, जिसकी बुनियाद पर मामलों का निपटारा कर दिया गया था।




# फरवरी में औद्योगिक उत्पादन 1.7% बढ़ा

नई दिल्ली / यूटर्न / 13 अप्रैल। खनन और बिजली क्षेत्र के बेहतर प्रदर्शन से औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) फरवरी में 1.7 प्रतिशत बढ़ा। मंगलवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, औद्योगिक उत्पादन सूचकांक में फरवरी, 2021 में 3.2 प्रतिशत की गिरावट आयी थी। सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, खनन क्षेत्र की वृद्धि दर फरवरी, 2022 में 4.5 प्रतिशत रही जबकि एक साल पहले इसी महीने में इसमें 4.4 प्रतिशत की गिरावट आयी थी। विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि आलोच्य महीने में 0.8 प्रतिशत रही। जबकि एक साल पहले फरवरी में इसमें 3.4 प्रतिशत का संकुचन हुआ था।

# वैसाखी मेले में चली लाठियां



तलवंडी साबो में आपसी भाइचारे के त्यौहार वैसाखी मेले के दौरान उस समय तनावपूर्ण स्थिति पैदा हो गई जब कुछ युवाओं में किसी बात पर मतभेद को लेकर लठियां चल गईं।

# पीएयू में नाटक का मंचन, जलियांवाला नरसंहार की जीवंत प्रस्तुति ने दर्शकों को झकझोरा








लुधियाना / यूटर्न / 13 अप्रैल। डा. केसो राम शर्मा यादगारी सोसाइटी की ओर से पीएयू व संगीत नाटक अकादमी पंजाब के सहयोग से मंगलवार रात्रि पीएयू के डा. मनमोहन सिंह आडिटोरियम में 'मैं जलियावालां बाग बोलदा' नाटक का मंचन किया गया। कोरोना महामारी के बाद पीएयू में पहली बार इतने बड़े स्तर पर सफल नाटक का मंचन हुआ। आडियोरियम खचखच भरा हुआ था। पांव रखने तक की जगह नहीं थी। करीब 100 से अधिक स्टूडेंटस व लोगों को सीट न होने की वजह से खड़े होकर नाटक देखना पड़ा। नाटक की कहानी अंग्रेजी हुकूमत के काले कारनामे, आवाम की बगावत और देश के लिए मर मिटने वाले बलिदानियों के शौर्य पर आधारित थी। एक घंटा दस मिनट के इस नाटक की शुरूआत जलियावाल करेक्टर से होती है, जोकि जलियांवाला बाग के अस्तित्व में आने से लेकर वहां हुई ब्रिटिश क्रूरता की पूरी कहानी को बयां करता है।

## भगवान सिद्धिविनायक की संध्या आरती में भक्तों ने लिया आशीर्वाद



लुधियाना / यूटर्न / 13 अप्रैल। चुहरपुर रोड हैबोवाल कलां स्थित सिद्धि विनायक मंदिर में प्रधान रविनंदन शर्मा की अध्यक्षता में प्रथम पूजनीय भगवान श्री सिद्धिविनायक की संध्या आरती की गई। पूर्ण विधिविधान के साथ मंदिर के आचार्य पंडित जगदीश प्रसाद द्वारा गणपति बप्पा की आरती की गई व् भक्तों को पवित्र जल के छींटे दिए। इस अवसर पर मंदिर के आचार्य ने कहा कि भगवान गणपति भक्तों के सभी संकट को दूर करते हैं। उनकी सारी मनोकामना पूर्ण होती है। भगवान श्री गणेश जी को ज्ञान, बुद्धि, समृद्धि और सौभाग्य का देवता माना जाता है। संकट दूर करने की वजह इन्हें विघ्नहर्ता के रूप में पूजा जाता है इस अवसर पर प्रधान रविनंदन शर्मा ने कहा कि मंदिर कमेटी द्वारा हर माह गणेश चतुर्थी के उपलक्ष्य में मंदिर में भजन संध्या व् भंडारा का आयोजन किया जाता है इस माह 19 अप्रैल को मंदिर में हर्षोउल्लास के साथ पावन गणेश चतुर्थी मनाई जा रही है।

## देवकी देवी जैन मेमोरियल कॉलेज फॉर वूमेन की छात्रा ने बी. कॉम तृतीया सेमेस्टर की परीक्षा में पाया छठा स्थान



लुधियाना / यूटर्न / 13 अप्रैल। देवकी देवी जैन मेमोरियल कॉलेज फॉर वूमेन की छात्रा ने जीती बाजी। पंजाब विश्वविद्यालय में बी. कॉम तृतीया सेमेस्टर की परीक्षा में पाया छठा स्थान। देवकी देवी जैन मेमोरियल कॉलेज फॉर वूमेन की छात्राओं ने बी.कॉम तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन कर कॉलेज का नाम रौशन किया। कोमल शर्मा ने पंजाब यूनिवर्सिटी में 98.50 फीसदी अंक लेकर छठा, कुनिका गोयल ने 97.33 फीसदी अंक लेकर कॉलेज में दूसरा और कॉलेज में अंजलि ने 95.83 फीसदी अंक लेकर तीसरा स्थान हासिल किया। इस अवसर पर कॉलेज प्रबंध समिति के चेयरमैन सुखदेव राज जैन, प्रधान नंद कुमार जैन ,विपन कुमार जैन (वरिष्ठ उपाध्यक्ष), बांका बिहारी लाल जैन (उपाध्यक्ष), शांति सरूप जैन (उपाध्यक्ष), राजीव जैन (सचिव), राकेश कुमार जैन (संयुक्त सचिव), राज कुमार गुप्ता (प्रबंधक), अशोक कुमार जैन (कैशियर) और कॉलेज की प्राचार्य डॉ सरिता बहल ने परीक्षा में शानदार प्रदर्शन के लिए शिक्षकों और छात्रों को बधाई दी।

## भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याण उत्सव पर लगा रक्तदान कैंप



लुधियाना / यूटर्न / 13 अप्रैल। न्यू यंग फाइव स्टार क्लब, भोले बावा रत्न मुनि जैन युवा संघ, मां वैष्णो देवी चेरिटेबल अस्पताल के तत्वाधान में भगवान महावीर स्वामी जी के 2621 में जन्म कल्याणक उत्सव को लेकर 30वां विशाल रक्तदान कैंप एस ए एन जैन स्कूल प्रांगण में 14 अप्रैल दिन वीरवार को लगाया जा रहा है। समारोह को लेकर युवा रत्न राजेश जैन बाबी की अगुआई में शहर के विभिन्न संगठनों से अंतिम मीटिग हुई। मीटिग में सभी सदस्यों की ड्यूटियां तय की गई। राजेश जैन बाबी ने बताया कि रक्तदान कैंप को लेकर शहर के गणमान्यों में दानवीर विनोद जैन गोयम स्क्रीय, विजय जिदल जिदल फैब्रिक्स को दिया। इस अवसर पर निमंत्रण स्वीकार करते हुए विनोद जैन, विजय जिदल ने कहा कि न्यू यंग फाइव स्टार क्लब की टीम पूरे, तन मन से अपनी सामाजिक सेवाएं दे रहे है।

## जीजीएनआईएमटी के होटल प्रबंधन विभाग ने द टेस्ट ऑफ इंडिया पारंपरिक भारतीय खाद्य उत्सव का आयोजन किया



लुधियाना / यूटर्न / 13 अप्रैल। हर साल पंजाब में बैसाखी के रूप में मनाया जाता है, जो संगीत और बेहतरीन पारंपरिक भोजन के साथ कटाई के मौसम की शुरुआत को चिह्नित करता है। यह केवल पंजाब में ही नहीं है, कि हम बैसाखी मनाते हैं, बल्कि भारत के सभी क्षेत्रों में, बैसाखी को समान उत्साह और जोश के साथ मनाया जाता है। होटल प्रबंधन विभाग, गुजरांवाला गुरु नानक इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी (जीजीएनआईएमटी), सिविल लाइन्स, लुधियाना ने आज एक बहु व्यंजन, पारंपरिक भारतीय खाद्य उत्सव, द टेस्ट ऑफ इंडिया का आयोजन किया। छात्रों ने विभिन्न राज्यों के माहौल को फिर से बनाया और निमंत्रण कीमतों पर पंजाब, राजस्थान, हैदराबाद और तमिलनाडु के पारंपरिक खाद्य पदार्थों का मेल भी पेश किया। फेस्टिवल का उद्घाटन शेफ कला के प्रमोटर शेफ नेल्लू कौरा ने किया। शेफ नेल्लू ने एक ही छत के नीचे कई व्यंजनों की पेशकश करने के लिए जीजीएनआईएमटी की पहल की सराहना की और वह भी बहुत ही उचित कीमतों पर, क्योंकि यह छात्रों को भारतीय खाद्य पदार्थों की विविधता का स्वाद लेने और स्वाद लेने के लिए प्रोत्साहित करेगा। प्रोफेसर मंजीत सिंह छाबड़ा, निदेशक जीजीएनआईएमटी ने शेफ नेल्लू कौरा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए, छात्र रसोइयों को विभिन्न व्यंजनों के साथ प्रयोग करने और साथ ही भोजन की बर्बादी को कम करने के शेफ नेल्लू के सिद्धांत से प्रेरित होने की सलाह दी।

## खालसा कॉलेज फार वूमेन सिविल लाइंस में चल रहे 61वें वार्षिक एथलेटिक मीट का आयोजन संपन्न





लुधियाना / यूटर्न / 13 अप्रैल। खालसा कालेज फार वूमेन सिविल लाइंस में चल रही दो दिवसीय 61वीं वार्षिक एथलेटिक मीट बुधवार को संपन्न हुई। इस मौके पर पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ से फिजिकल एजूकेशन विभाग के डा. गुरमीत सिंह पहुंचे। कालेज प्रिंसिपल डा. मुक्ति गिल ने मुख्य मेहमान का स्वागत किया। उन्होंने कालेज की वार्षिक रिपोर्ट में खेल उपलब्धियों का जिक्र किया। कालेज ने विभिन्न खेलों में 37 गोल्ड, 31 सिल्वर और 67 ब्रांज मेडल जीत हैं। परिणाम :- 100 मीटर दौड़ : अशमिना ने पहला, अनामिका ने दूसरा और अमनदीप ने तीसरा स्थान पाया। 800 मीटर दौड़ : फरदीन ने पहला, कंचन ने दूसरा और आशु ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।- लांग जंप : कमलजीत ने पहला, जीत ने दूसरा और लक्ष्मी ने तीसरा स्थान पाया- हाई जंप : कमलजीत ने पहला, अशमिना ने दूसरा, लक्ष्मी ने तीसरा स्थान पाया- शाटपुट : अशमिना ने पहला, इंद्रप्रीत ने दूसरा और गुरप्रीत ने तीसरा स्थान पाया- सैक रेस : पर्ल ने पहला, पिकी ने दूसरा और दीपिका ने तीसरा स्थान पाया

# लक्ष्मी लेडीज क्लब में बैसाखी सेलिब्रेशन के साथ नई टीम का गठन













लुधियाना / यूटर्न / 13 अप्रैल। लुधियाना के लक्ष्मी लेडीज क्लब की तरफ से बैसाखी सेलिब्रेशन का आयोजन किया गया। इसके साथ ही नई टीम का गठन भी किया गया। गीता गुप्ता प्रेसिडेंट,रश्मि गोयल वाइस प्रेसिडेंट, मोनिका वोहरा सेक्रेटरी,रजनी थापर ज्वाइंट सेक्रेटरी,मीनाक्षी शर्मा ट्रेजरर बनी।खास तौर पर मैडम रजनी बेक्टर और मैडम अविनाश कौर वालिया भी गेस्ट के रूप में उपस्तिथ हुए। उन्होंने नई टीम को भी बधाई दी। नई टीम ने आए सभी मेंबर्स का वेलकम किया और बैसाखी की शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। यह एक फन फिल्ड ईवनिंग थी, जिसमें सभी ने खूब एंज्वॉय किया। पंजाबी गानों पर कई मेंबर्स ने परफॉर्मेंस भी दी, जिसमें क्लब के सभी मेंबर्स झूमने लगे। तंबोला भी खेला गया, जिसमें जीतने वाले को कई अलग अलग तरह के गिफ्ट्स दिए गए।

### कांग्रेसी नेता गुरसिमरन मंड जांच एजेंसी के 'रडार' पर

# एनआईए ने भेजा मंड को नोटिस, हिंदू नेताओं पर हमलों को लेकर करनी है पूछताछ

लुधियाना / यूटर्न / 13 अप्रैल। अकसर कट्टरपंथियों के खिलाफ व आतंकवाद के मुद्दे पर विवादित बयान देने वाले कांग्रेसी नेता गुरसिमरन सिंह मंड अपने बड़बोलेपन के चलते कानूनी-मुसीबत में फंस सकते हैं। नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी यानि एनआइए ने मंड को नोटिस भेजकर तलब किया है। बताते हैं कि उनसे केंद्रीय जांच एजेंसी हिंदू नेताओं पर हमलों के मामले में पूछताछ कर सकती है। जानकारी के मुताबिक थाना सराभा नगर की पुलिस के जरिए विवादित कांग्रेसी नेता मंड को नोटिस भेजा



● हिंदू नेता अमित अरोड़ा के साथ गुरसिमरन सिंह मंड।








गया है। जिसमें 18 अप्रैल को एनआइए के चंडीगढ़ आफिस में पेश होने को कहा गया है। बताया जा रहा है कि एनआईए फिल्लौर के पास मट्ट वाली मंदिर के पुजारी कमलदीप सिंह व महिला सेवदार सिमरनजीत कौर को गोली मारने के मामले की जांच कर रही है। गौरतलब है कि इस मामले में पंजाब पुलिस ने पिछले साल जनवरी में केस दर्ज किया था। बाद में यह केस एनआइए के हवाले किया गया था। एनआइए ने अलग से 8 सितंबर को इसी मामले में दूसरी एफआइआर दर्ज करा जांच शुरु की थी। जिसमें विदेश जा चुके आतंकी हरदीप सिंह निज्झर, अमनदीप सिंह व कमलजीत शर्मा मोगा, राम सिंह व गगनदीप सिंह फिरोजपुर को नामजद किया हुआ है। दूसरी तरफ मंड का कहना है कि उस मामले से उनका कोई लेना देना नहीं है। एनआइए के सामने पेश होने के बाद ही सही कारण पता चल सकेगा। यहां काबिलेजिक्र है कि मंड ने अपनी फेसबुक पर हिंदू नेता अमित अरोड़ा के साथ गोशाला में गायों को चारा खिलाते एक पोस्ट डाली थी। जिस पर कुछ लोगों ने आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। हिंदू नेता अमित अरोड़ा से भी एनआईए ने उन पर हुए हमले के मामले में कड़ी पूछताछ की थी। तब महानगर में टारगेट-किलिंग मामलों के दौरान यह केंद्रीय जांच एजेंसी गहन जांच-पड़ताल में जुटी थी।

# अन्न जल सेवा ट्रस्ट की और से जीव दया हेतू जानवरों को आजाद किया



लुधियाना, 12 अप्रैल। अन्न जल सेवा ट्रस्ट की और से भगवान महावीर जयंती के उपलक्ष्य में ट्रस्ट के संस्थापक स्व: शिव राम सरोए के आदर्शों पर चलते हुये भगवान महावीर जी के संदेश 'जियो और जीने दो' को सार्थक करने हेतू कुछ निर्दोष पशु-पक्षियों जिनमें 25 खरगोश, 30 कबूतर- चिड़ियाँ व 2 बकरे ट्रस्ट के सदस्यों की मौजूदगी में स्थानिय मत्तेवाड़ा संरक्षित वन में उक्त विभाग के अधिकारी प्रीतपाल सिंह के संरक्षण में आजाद करवाया गया जिसकी वन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने प्रशंसा की। इस अवसर पर ट्रस्ट की अधय्क्ष डा. सीमा जैन व उषा सरोए ने भगवान महावीर जी द्वारा दिये गये।

अहिंसा परमौ धर्म के संदेश से अवगत करवाते हुये कहा कि बेजुबान पशु-पक्षियों को मारने के साथ साथ पिंजरे में बन्द करना भी हिंसा है इसलिये हमें किसी भी किस्म के पशु पक्षियों को अपने मनोरंजन के लिये कैद में नहीं रखना चाहिये, ब्लकि आजादी के साथ साथ भीषण गर्मी में इनके लिये अपने घर की छतों व आस पास पानी के कसोरे रखने चाहिये। इस मौके संजीव जैन, राजीव सरोए, विशाल जैन (हर्षिता क्रियेशन्स), प्रतिभा जैन,ऋषी सरोए, विनय जैन आतम, राजू थापर, अरुणा जैन, कुल्विंद्र सिंह, शैली जैन, नेहा जैन, पर्दिप भाटिया, पशु चिकित्सक डा. राजू, साहिल, गितांष व धैर्य जैन ने जहां उक्त पशु- पक्षियों को आजाद करवाया वहीं मत्तेवाड़ा वन में गायों के लिये पेड़े, वानरों व अन्य जानवरों के लिये फल, पक्षियों के लिये दाना व कसोरे आदि भी दिये गये।

# चैन स्नेचिंग और चोरी मामले में पांच काबू



लुधियाना / यूटर्न / 13 अप्रैल। थाना डुगरी में भगत सिंह नगर चौकी इचांर्ज धरमिंदर कुमार को बड़ी सफलता मिली है। इस मामले में उन्होंने बताया कि कि एफआईआर नं. 41-42 के तहत स्नैचिंग और चोरी मामले में दो गैंग के पांच सदस्यों को काबू किया है जिनसे एक एक्टिवा, 6 मोबाइल, दो मोटरसाइकिल, एक साइकिल बरामद हुई है। आगे की पूछताछ जारी है।

# सड़क सुरक्षा सेमिनार आयोजित



लुधियाना / यूटर्न / 13 अप्रैल। ट्रैफिक पुलिस की तरफ से चलाए जा रहे ट्रैफिक जागरूकता अभियान के तहत गुरु नानक इंजीनियरिग कालेज में सेमिनार का आयोजन किया गया है। इसमें डीसीपी सौम्या मिश्रा विशेष तौर पर शामिल हुई। कैंप में प्रिसिपल डा. सहजपाल सिंह, डा. हरपुनीत सिंह, डा. परमिदर सिंह, जगमेल सिंह स्टेट अफसर, रमनदीप सिंह एआर प्रिसिपल व 750 विद्यार्थी हाजिर थे। इस दौरान रिटायर्ड सहायक थानेदार गुरजाब सिंह की तरफ से ट्रैफिक सुरक्षा नियमों संबंधी जागरूक किया और ट्रैफिक नियमों की पालना करने संबंधी प्रेरित किया गया। कालेज के प्रिसिपल डा. सहजपाल सिंह पुलिस की तरफ से जागरूकता सेमिनार का आयोजन करने पर डीसीपी ट्रैफिक सौम्या मिश्रा का धन्यवाद किया। इस दौरान डीसीपी सौम्या मिश्रा व एसीपी करनैल सिंह ने बच्चों ट्रैफिक नियमों और उनकी पालना के संबंध में विस्तार से लेक्चर दिया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस की तरफ से एक अप्रैल से लेकर 13 अप्रैल तक ट्रैफिक नियमों के पालन संबंधी विशेष अभियान चलाया गया है। अब तक ट्रैफिक पुलिस ने अलग अलग जगहों पर 135 सेमिनार लगाकर पब्लिक को जागरूक किया है।

06

# मंथन

यूटर्न टाईम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

बुधवार 13 अप्रैल 2022

खबर जरा हटके

## गर्मियों में बालों में इस तरह लगाएं पुदीने का तेल



पुदिना त्वचा के अलावा बालों के लिए भी बहुत ज्यादा फायदेमंद है। इससे बालों के झड़ने की समस्या काफी हद तक कम होती है। पुदीने के तेल को अंग्रेजी में पेपरमिंट ऑयल कहते हैं। पुदीने की पत्तियों के अर्क से पेपरमिंट ऑयल तैयार किया जाता है। बालों की कई तरह की परेशानियों को पेपरमिंट ऑयल से दूर किया जा सकता है। गर्मियों में बालों और शरीर को ठंडक पहुँचाने के लिए लोग अलग-अलग तरीके अपनाते हैं। कुछ लोग महँगे तेल और शैम्पू में पैसे खर्च करते हैं। तो कई लोग महँगे सैलून में जाकर ट्रीटमेंट करवाते हैं। आज हम आपको बताएंगे कि पुदिने का इस्तेमाल करके आप कैसे अपने बालों में ठंडक पहुँचा सकती हैं। आपको बता दें कि पुदिना त्वचा के अलावा बालों के लिए भी बहुत ज्यादा फायदेमंद है। इससे बालों के झड़ने की समस्या काफी हद तक कम होती है। पुदीने के तेल को अंग्रेजी में पेपरमिंट ऑयल कहते हैं। पुदीने की पत्तियों के अर्क से पेपरमिंट ऑयल तैयार किया जाता है। पुदीने के तेल में मेंथॉल होता है। बालों की कई तरह की परेशानियों को पेपरमिंट ऑयल से दूर किया जा सकता है।




लुधियाना के लक्ष्मी लेडीज क्लब में बैसाखी का त्यौहार बहुत ही धूमधाम के साथ मनाया गया। जिस दौरान मुटियारा गिद्दे की प्रस्तुति देती हुई।

कार्टून




सामाजिक खिड़की से




# हो जाओ सब तैयार... आ गया बैसाखी का त्यौहार...



बैसाखी एक अनोखा त्यौहार है जो फसलों की कटाई के ख़ुशी के तौर पर मनाया जाता है। यह सिख समुदाय का लोकप्रिय त्यौहार है। यह हर वर्ष 14 अप्रैल के आस पास पड़ता है। इस समय में कई समुदाय के लोग अपना नव वर्ष मनाते है। यह उत्सव पूरे देश में हर्ष -उल्लास के साथ मनाया जाता है। बैसाखी उत्सव मुख्य रूप से पंजाब और हरियाणा राज्यों में मनाया जाता है। यह दरअसल कृषि उत्सव है, जो इन राज्यों में बड़े धूम धाम से मनाया जाता है। इस दिन लोग नए पोशाक पहनते है और घरो पर कई तरह के पकवान बनाये जाते है बैसाखी के मौके पर कई जगह बड़ा मेला लगता है। लोग बहुत ख़ुशी से अपने परिवार के संग यहाँ जाते है। अधिकतर मेले नदी के किनारे आयोजित किये जाते है। यहाँ काफी लोगो का जमावड़ा लगता है। बैसाखी के दिन को सिख समुदाय के लोग नए साल की तरह मनाते है। बैसाखी के उत्सव के दिन हर शहर में बड़ा मेला लगता है। मेलो में चाट, मिठाई, फल, अलग अलग तरह के व्यंजनों के ठेले लगते है। लोग यहाँ आकर सभी चीज़ो का आनंद उठाते है। लोग ऐसे मेलो में कई चीज़ो की खरीदारी करते है। इस दिन कई हिन्दू समुदाय के लोग नए साल का आरम्भ करते है। पावन नदियों के जल में स्नान करते है और श्रद्धा से पूजा करते है। इस दिन सिख समुदाय के लोग गुरुद्वारा और हिन्दू लोग मंदिर जाते है। लोग इस दिन ईश्वर की पूजा करते है और धार्मिक ग्रंथो का पाठ करते है। खालसा पंथ की स्थापना वर्ष 1699 में हुई थी। इस उत्सव को एक प्रमुख त्यौहार की तरह गुरु अमरदास द्वारा शामिल किया गया था। तब से लेकर आज तक सम्पूर्ण सिख समुदाय के लोग इसे उत्साह से मनाते है। गुरु गोबिंद सिंह ने भी खालसा पंथ की नींव सन 1699 में रखी थी। यही वजह है सिख समुदाय के लोग इस दिन को विशेष तरीके से मनाते है। इस दिन पंजाब और हरियाणा के सभी गुरुद्वारों को भव्य तरीके से सजाया जाता है। बहुत बड़े पैमाने पर इस दिन पूजा होती है। इस दिन गुरुद्वारों में भक्ति गीत और कीर्तन होते है। सम्पूर्ण राज्य में लोग झूमते, गाते हुए नज़र आते है। सभी अपने परिवार और दोस्तों के साथ यह उत्सव मनाते है। बैसाखी का उत्सव स्वर्ण मंदिर में बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। स्वर्ण मंदिर को भव्य तरीके से सजाया जाते है। देश के कोने कोने से सिख समुदाय के लोग यहां भाग लेने के लिए आते है। स्वर्ण मंदिर एक पावन जगह है। यहाँ के भव्य उत्सव में भाग लेने के लिए श्रद्धालु यहाँ आते है सिख समुदाय के लोग बड़े ही आनंद के साथ यह त्यौहार मनाते है।

## गर्मियों में फोड़े-फुंसी की समस्या को चुटकियों में करें दूर



गर्मियों के मौसम में पसीने और धूप के कारण त्वचा संबंधी समस्याएं होने लगती हैं। गर्मियों में दाने या फोड़े-फुंसी होना एक आम समस्या है। इस मौसम में शरीर की सफाई पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए ताकि पसीने से संक्रमण न फैले। अगर आपकी शरीर पर दाने या फोड़े-फुंसी निकलने शुरू हुए हैं तो शुरुआती लक्षण दिखने पर ही इनका इलाज शुरू कर दें। आज के इस लेख में हम आपको दाने और फोड़े-फुंसी से छुटकारा पाने के कुछ आसान घरेलू नुस्खे बताने जा रहे हैं - यदि आपको गर्मियों में दाने या फोड़े-फुंसी हो जाते हैं तो आप हल्दी का इस्तेमाल कर सकते हैं। आयुर्वेद में हल्दी को औषधीय गुणों का खजाना बताया गया है। हल्दी में एंटी बैक्टीरियल और एंटी-इंफ्लामेटरी गुण होते हैं। हल्दी का नियमित रूप से इस्तेमाल करने से फोड़े-फुंसी की समस्या दूर होती है। इसके लिए एक चम्मच हल्दी में आधा चम्मच दूध मिलाकर एक गाढ़ा पेस्ट तैयार कर लें। अब इसे फोड़े-फुंसी पर लगाएं और कुछ घंटों के लिए लगा रहने दें। दिनभर में 2 से 3 बार इस पेस्ट को लगाने से दाने और फोड़े-फुंसी की समस्या जल्दी दूर हो जाएगी।

**नीम और तुलसी**

गर्मियों में दाने और फोड़े फुंसी की समस्या को ठीक करने के लिए नीम और तुलसी का इस्तेमाल रामबाण इलाज है। नीम और तुलसी दोनों में ही एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं। इसके लिए नीम और तुलसी के ताजा पत्ते पीस लें। अब इस पेस्ट में थोड़ी सी हल्दी मिलाकर दाने या फुंसी वाली जगह पर लगाएं। पेस्ट सूख जाने के बाद इसे पानी से साफ कर लें। इस पेस्ट को दिन में दो से तीन बार लगाने से जल्दी फायदा होगा।

**एलोवेरा**

त्वचा संबंधी समस्याओं के लिए एलोवेरा भी बहुत फायदेमंद होता है। एलोवेरा के नियमित इस्तेमाल से दाने और फोड़े फुंसी से छुटकारा पाया जा सकता है।

## इन फलों को छील कर खाने से कम हो जाती है इनकी पौष्टिकता

नई दिल्ली / यूटर्न: शरीर के लिए आवश्यक पोषक तत्वों की पूर्ति के लिए सभी लोगों को दैनिक आहार में कई तरह के फलों-सब्जियों को शामिल करने की सलाह दी जाती है। मौसमी फलों को पोषक तत्वों से भरपूर माना जाता है। इतना ही नहीं कुछ फलों में मौजूद एंटीऑक्सिडेंट गुण आपको तमाम तरह की गंभीर बीमारियों से सुरक्षित रखने में मदद कर सकते हैं। अध्ययनों से पता चलता है कि कुछ फलों की अधिकतर पोषकता उसके छिलकों में होती है, ऐसे में इन्हें छील कर खाने से उन पोषक तत्वों का पूरा लाभ नहीं मिल पाता है। विशेषज्ञों के मुताबिक फलों का सेवन करते समय इस बात का विशेष ध्यान रखना चाहिए। फलों से अधिकतम लाभ प्राप्त करने के लिए इसका सही ढंग से और सही समय पर सेवन करना जरूरी होता है। अध्ययनों में इस बात के भी प्रमाण मिलते हैं कि सूर्यास्त के बाद फलों का सेवन नहीं करना चाहिए, ये मेटाबॉलिज्म को प्रभावित कर सकते हैं। आइए जानते हैं कि किन फलों को छिलके सहित खाना ज्यादा फायदेमंद माना जाता है? कहीं आप भी तो अब तक इन्हें छील कर खाने की गलती नहीं कर रहे थे?

**सेब को खाएं छिलके सहित**

आपने भी कई लोगों को छील कर सेब खाते देखा होगा, विशेषज्ञ इसे गलत तरीका मानते हैं। सेब के मुख्य फल की ही तरह, इसके छिलके में भी कई प्रकार के पोषक तत्व मौजूद होते हैं जो आपके लिए विशेष लाभप्रद हो सकते हैं। छील कर सेब खाने की तुलना में



अगर हम इसे छिलके सहित खाते हैं तो इससे 332% अधिक विटामिन-के, 142% अधिक विटामिन-ए, 115% अधिक विटामिन-सी, 20% अधिक कैल्शियम और 19% अधिक पोटैशियम प्राप्त होता है।

**खीरा खाने के क्या फायदे हैं?**

अगर आपकी भी खीरे को छील कर खाने की आदत है तो इसमें सुधार कर लें, क्योंकि अध्ययनों में खीरे को बिना छीले खाना विशेष फायदेमंद बताया गया है। खीरे के गहरे हरे रंग के छिलके में इसके अधिकांश एंटीऑक्सिडेंट, अघुलनशील फाइबर और पोटेशियम होते हैं। इसमें विटामिन-के की भी अधिकता होती है, ऐसे में इसको साफ से धोकर बिना छीले ही सेवन करना चाहिए। खीरा आपके हाइड्रेशन को बेहतर बनाए रखने में काफी सहायक फल है।

**आम के छिलकों में होते हैं कई गुण**

कुछ ही दिनों में बाजार में आम बहुतायत में उपलब्ध हो जाएंगे। कच्चे हों या पके हुए, आम को छिलके सहित खाना ज्यादा लाभदायक माना जाता है। अध्ययनों से पता चलता है कि आम के छिलकों में मैंगिफेरिन, नॉरथिरियोल और रेस्वेराट्रोल जैसे शक्तिशाली एंटीऑक्सिडेंट होते हैं जो फेफड़ों, कोलन, स्तन, मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी के कैंसर और कई अन्य गंभीर बीमारियों के जोखिम को कम करने में मदद करते हैं। आम का सेवन छिलके सहित करना चाहिए।

**संतरे के छिलकों के फायदे**

संतरे को विटामिन-सी का सबसे अच्छा स्रोत माना जाता है जो शरीर की इम्युनिटी को बेहतर बनाए रखने में सहायक है। विटामिस-सी आपको कई तरह के संक्रमण से सुरक्षित रखने में भी काफी मददगार माना जाता है। संतरे के फल में जितना विटामिन-सी होता है उससे दोगुना उसके छिलकों में पाया जाता है। संतरे के छिलके में राइबोफ्लेविन, विटामिन-बी 6, कैल्शियम, मैग्नीशियम और पोटैशियम की भी मात्रा होती है।

## वर्ल्ड कप जीत पर धोनी की तारीफ से नाराज हरभजनः बोले-

# जीत धोनी ने दिलाई तो सचिन पाजी और गंभीर क्या कर रहे थे, बाकी खिलाड़ी क्या लस्सी पीने गए थे

टीम इंडिया के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी हरभजन सिंह ने 2011 वर्ल्ड कप को लेकर बड़ा बयान दिया है। IPL 2022 के दौरान स्टार स्पोर्टस पर जारी एक शो में उन्होंने कहा कि जब ऑस्ट्रेलिया विश्व विजेता बनती है तो उस वक्त हर कोई कहता है कि ऑस्ट्रेलिया की पूरी टीम ने वर्ल्ड कप जीता है। वहीं, जब भारत विश्व कप जीता था तो लोगों ने कहा कि महेंद्र सिंह धोनी ने विश्व कप जिताया है तो क्या बाकी 10 खिलाड़ी वहां लस्सी पीने गए थे?

भज्जी यहीं नहीं रुके उन्होंने आगे कहा कि 2011 के वर्ल्ड कप में अन्य 10 खिलाड़ियों ने क्या किया? गौतम गंभीर ने क्या किया? युवराज सिंह ने क्या किया? सचिन पाजी ने क्या किया? यह एक टीम गेम है। जब 7-8 खिलाड़ी बेहतर करेंगे तभी आपकी टीम आगे बढ़ेगी। आप किसी एक खिलाड़ी को क्रेडिट दे देते हैं। ये बहुत गलत बात है। हरभजन चेन्नई सुपर किंग्स और आरसीबी के बीच मंगलवार को खेले गए मुकाबले में कॉमेंट्री कर रहे थे। उनके साथ इरफान पठान, मोहम्मद कैफ भी शो का हिस्सा थे। पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर 2011 के वर्ल्ड कप फाइनल में महेंद्र सिंह धोनी के विजयी छक्के को ज्यादा तवज्जो देने से नाराज हो चुके हैं। 2020 में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट करते हुए गंभीर ने कहा था कि बस आपको याद दिला दूं कि 2011 का विश्व कप पूरे भारत ने जीता था। पूरी टीम इंडिया और सपोर्ट स्टाफ ने जीता था। सही समय है कि आप भी अपने जुनून को हवा में छक्के की तरह उड़ा दें। गंभीर ने धोनी द्वारा लगाया गए फाइनल मैच में छक्के की तस्वीर शेयर करते हुए ये बात लिखी थी। बता दें कि 2011 के वर्ल्ड कप फाइनल में श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था। महेला जयवर्धने के शतक की बदौलत श्रीलंका टीम ने 6 विकेट के नुकसान पर 274 रन बनाए थे। लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम इंडिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही। 31 रन के भीतर ही सचिन तेंदुलकर और वीरेंद्र सहवाग आउट हो गए। इसके बाद गौतम गंभीर बल्लेबाजी के लिए आए और धोनी के साथ भारतीय पारी को संभाला। दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए 109 रन की साझेदारी हुई। हालांकि, गंभीर तीन रन से शतक चूक गए। उनके आउट होने के बाद आए युवराज सिंह और धोनी ने टीम इंडिया को 28 साल बाद वर्ल्ड चैम्पियन बना दिया। धोनी 79 गेंद पर 91 और युवराज 24 गेंद पर 21 रन बनाकर नाबाद रहे। धोनी ने छक्का लगाकर टीम को जीत दिलाई थी।






# नेहा शर्मा ने दिखाई हॉट अदाएं



बॉलीवुड अभिनेत्री नेहा शर्मा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अपनी हॉटनेस की वजह से अक्सर सुर्खियों बटोरती रहती हैं। आये दिन अभिनेत्री अपनी हॉट तस्वीरें शेयर करके अपने फैंस का मनोरंजन करती रहती हैं। फैंस भी अभिनेत्री की दिलकश तस्वीरों पर प्यार लुटाने में कोई कसर नहीं छोड़ते हैं। हॉटनेस की इसी कड़ी को जारी रखते हुए नेहा शर्मा ने अपनी कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की। अभिनेत्री की यह तस्वीरों को सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही हैं और फैंस उन्हें जमकर शेयर भी कर रहे हैं।

अभिनेत्री नेहा शर्मा ने तीन अलग पोस्ट में अपनी तीन तस्वीरें शेयर की। तस्वीरों में अभिनेत्री ब्लैक ब्रा के साथ ब्लू डेनिम पहनें नजर आ रही हैं।

ब्लैक ब्रा, डेनिम के साथ ब्लैक शर्ट पहनकर उन्होंने अपने इस सेक्सी लुक को कम्पलीट किया है। लाइट मेकअप और खुले बालों में क्लीवेज दिखाते हुए नेहा कहर ढा रही हैं। इस सेक्सी ऑउटफिट में नेहा शर्मा गजब के पोज दे रही हैं। एक तस्वीर में अभिनेत्री बोतल से गिलास में पानी भर रही हैं, दूसरी तस्वीर में अभिनेत्री बोतल से पानी पीती नजर आ रही हैं और तीसरी तस्वीर में तो अपनी हॉटनेस के जलवें बिखेर रही हैं।

अभिनेत्री के हॉट लुक पर लाखों लोग अपना दिल हार बैठे हैं। प्रोफेशनल वर्क की बात करें तो अभिनेत्री नेहा शर्मा आखिरी बार वेब सीरीज 'इललीगल' में नजर आयी थीं। इसके अलावा अभिनेत्री जल्द ही फिल्म 'जोगिरा सारा रा रा' में नजर आएँगी। अभिनेत्री इस फिल्म में अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ मुख्य भूमिका निभाएंगी।

# वामिका गब्बी पंजाबी इंडस्ट्री की ऐश्वर्या



नेटफ्लिक्स की सीरीज 'माई' में साक्षी तंवर के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करने वाली अभिनेत्री वामिका गब्बी अब तक हिंदी, पंजाबी , तमिल , तेलगू इंडस्ट्री में करीब डेढ़ दर्जन से ज्यादा फिल्में कर चुकी हैं। हाल ही में वामिका ने Jagran.com से एक्सक्लूसिव बातचीत में फिल्म इंडस्ट्री , कास्टिंग काउच और वर्क कल्चर पर खुलकर बात की और इस पर अपनी राय रखी। वामिका कहती हैं कि \u201cपंजाबी इंडस्ट्री में मुझे सब ऐश्वर्या राय बुलाते थे और बहुत सारे कॉम्पलीमेंट मिलते थे। लेकिन जब मैं मुंबई आयी तो मुझे पता चला कि यहां तो खूबसूरती के मामले में हर लड़की ऐश्वर्या राय दिखती है। तब समझ आया कि महज ऐश्वर्या जैसा दिखने से बात नहीं बनेगी, इसके साथ बहुत सारी मेहनत भी करनी पड़ेगी। बस यहीं से सिलसिला शुरू हुआ लगातार ऑडिशन व रिजेक्शन का और इस प्रोसेस ने मुझे हकीकत दिखाई। फिल्म इंडस्ट्री में कास्टिंग काउच के सवाल पर वामिका कहती हैं, \u201cजी बिल्कुल होता तो है, मैंने कई लोगों के साथ घटी इस तरह की कहानियां सुनी भी हैं। हालांकि, मेरे साथ ऐसा किसी भी इंडस्ट्री में नहीं हुआ, लेकिन कास्टिंग काउच होता है यह मैं मानती हूं।


# पहली कमाई से मां की गिरवी रखी ज्वैलरी छुड़वाईः नवाजुद्दीन सिद्दीकी

नवाजुद्दीन सिद्दीकी महीने के खर्चे पर बात करते हुए कहा कि हां मेरे खर्चे तो बहुत होते है हर महीने लाखो का खर्च होता है, लेकिन मैं आपको एक्जैक्ट फिगर नहीं बताऊंगा। लेकिन यह सही है कि खर्चा काफी होता है और मै आपको बता दू कि मेरा स्टार डम मेंटेन करने के लिए कोई खर्चा नहीं होता बल्कि दूसरी चीजों पर खर्चा होता है मैं स्टारडम मेंटेन करने के लिए फर्जी के खर्चे नहीं करता। इसलिए मैं एक पैसा स्टारडम पर खर्चा नहीं करता। स्ट्रगल के दिन और पहली कमाई के सवाल पर नवाज हंसते हुए कहते है कि वो दिन मैं कभी नही भूलता और हां कमाई की अगर बात करे तो मेरी पहली कमाई सबसे खास है उस दौरान मैंने दिल्ली में करीब 25 हजार रुपये कमाए थे। असल मे हम शो करते थे और उन दिनों हमारे डायरेक्टर ने हमे एक वैन दी हुई थी तो मैंने ज्यादा से ज्यादा शो किये और 25 हजार रुपये कमाए थे और उस पैसे से मैंने अपनी मां की गिरवी रखी हुई ज्वैलरी छुड़वाई थी असल में मेरी मां ने वो ज्वैलरी भी मेरे चक्कर में ही गिरवी रखी थी।



यूटर्न टाईम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA
बुधवार 13 अप्रैल 2022

खुद बोलती तस्वीर



सुचेत्रा सरकार

यंग-आर्टिस्ट सुचेत्रा सरकार, साल 2019 में बनाई थ्री-डी पेंटिंग...

# इमरान की पार्टी की सोशल मीडिया टीम के आठ कार्यकर्ता हुए गिरफ्तार

## सेना और एससी के खिलाफ कैम्पेनिंग का आरोप

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में नई सरकार आते ही पुरानी इमरान सरकार के खिलाफ एक्शन शुरू हो गया है। सेना प्रमुख और सुप्रीम कोर्ट के जजों के खिलाफ सोशल मीडिया पर कैम्पेन चलाने के आरोप में इमरान की पार्टी PTI के 8 सोशल मीडिया कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया गया है। फेडरल इन्वेस्टिगेटिव एजेंसी ने मंगलवार को पंजाब के अलग-अलग हिस्सों से इनकी गिरफ्तारियां कीं।

नौ अप्रैल को देर रात इमरान सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित हो गया था। इसके बाद से ही सोशल मीडिया पर सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा और SC के जजों के खिलाफ सोशल मीडिया पर अभियान चलाया जा रहा था। FIA को सोशल मीडिया अभियान में शामिल 50 लोगों के नाम की एक लिस्ट मिली थी, जिनमें से फिलहाल 8 को गिरफ्तार किया गया है। दरअसल, इमरान सरकार गिरने के बाद जनरल बाजवा और सुप्रीम कोर्ट को अमेरिका के इशारे पर इमरान को हटाने के लिए जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। दोनों के खिलाफ सोशल मीडिया पर हजारों ट्वीट और पोस्ट शेयर किए जा रहे हैं।



### गिरफ्तारी के खिलाफ दायर होगी याचिका

पीटीआई के कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी पर इमरान के करीबी असद उमर ने कहा- हमारी पार्टी के सोशल मीडिया कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न किया जा रहा है, इसके खिलाफ याचिका तैयार हो गई है। इसे बुधवार को हाईकोर्ट में दाखिल किया जाएगा। इससे पहले मंगलवार को हुई पाकिस्तानी सेना के अफसरों की एक बैठक में उनके खिलाफ सोशल मीडिया पर चल रहे अभियान को लेकर एक्शन लेने पर चर्चा हुई थी।

### सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद छिड़ी थी सोशल मीडिया पर मुहिम

अविश्वास प्रस्ताव खारिज करने और संसद भंग करने के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट ने 7 अप्रैल को फैसला सुनाते हुए नेशनल असेंबली बहाल कर दी थी। साथ ही अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग कराने का आदेश दिया था। इसके बाद SC के आदेश के तहत 9 अप्रैल को पाक संसद में अविश्वास प्रस्ताव पर बहस के बाद देर रात वोटिंग हुई थी, जिसमें इमरान खान को हार का सामना करना पड़ा था। इमरान ने शुरुआत से ही अपनी सरकार गिराने के पीछे विदेशी साजिश होने की बात कही थी, जिसे सेना ने नकार दिया था।

## करौली हिंसा पर पुलिस-भाजपा कार्यकर्ताओं में झड़प

# बीजेपी के प्रदेशाध्यक्ष सहित तीन हिरासत में

दौसा / यूटर्नः राजस्थान में करौली के दंगा पीड़ितों से मिलने के लिए निकाली गई भाजपा की न्याय यात्रा करौली पहुंचने से पहले ही रोक दी गई। इसके बाद दौसा-करौली बॉर्डर पर जमकर बवाल हो गया। पुलिस और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच झड़प भी हुई। भाजपा नेता नहीं माने तो पुलिस ने भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया व सांसद मनोज राजौरिया को हिरासत में ले लिया है। भाजपा नेताओं को मेहंदीपुर बालाजी मोड़ पर मंगलम मिड-वे में ले जाकर छोड़ दिया गया। इससे पहले सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे सूर्या को करौली बॉर्डर पर पुलिस ने बैरिकेड्स



लगाकर रोक दिया। करौली जाने के लिए अड़े सूर्या व अन्य नेता बॉर्डर पर ही धरने पर बैठ गए। पुलिस की समझाइश के बाद भी जब वह नहीं उठे तो उन्हें हिरासत में लिया गया। बुधवार सुबह जयपुर से रवाना हुए भाजयुमो राष्ट्रीय अध्यक्ष व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के काफिले को गंगापुर सिटी रोड पर जाने से रोकने के लिए दौसा जिले के सिकंदरा थाना क्षेत्र में भी नाकाबंदी की गई, लेकिन काफिला जयपुर-आगरा हाईवे से सीधे महुआ के लिए रवाना हो गया। किसी भी स्थिति से निपटने के लिए दौसा, भरतपुर और करौली जिले के एसपी सहित 700 से ज्यादा पुलिस जवान तैनात किए गए। दौसा-करौली बॉर्डर पर रोके गए तेजस्वी सूर्या ने कहा- करौली में पूरी तरह हिंसक हालात बने हुए हैं, हिंदू समाज के साथ अन्याय हुआ है। उन्होंने कहा कि हमने प्रण लिया है या तो करौली जाएंगे या जेल जाएंगे। इसके साथ ही वे निर्दोष को मामले में नहीं फंसाने, आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी, पीड़ितों को मुआवजे देने की मांग कर रहे हैं।

# कुतुब मीनार से नहीं हटेंगी मूर्तियां



नई दिल्ली / यूटर्नः दिल्ली की साकेत कोर्ट ने बुधवार को कुतुब मीनार से जुड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को कुतुब मीनार में बनी कुव्वत-उल-इस्लाम मस्जिद में से हिंदू देवी-देवताओं की मूर्तियां हटाने से रोक दिया है। याचिका में परिसर में बिखरी मूर्तियों की स्थापना, पूजा और कब्जा की मांग गई थी। याचिकाकर्ता के वकील हरिशंकर जैन ने अपनी दलील में कहा था कि मस्जिद परिसर में भगवान गणेश की दो मूर्तियां जमीन पर पड़ी हैं। इन्हें ASI के सुझाव से उलट परिसर में ही सही जगह पर रखा जाना चाहिए। याचिका में यह भी कहा गया था कि परिसर में जैन तीर्थंकर, भगवान विष्णु, भगवान गणेश, भगवान शिव, देवी गौरी, हनुमान जी सहित कई देवी-देवताओं की मूर्तियां हैं। जिनमें से कई को मुगलों ने तोड़ दिया गया था। इस मामले में एक याचिका 9 दिसंबर को दिल्ली की एक दीवानी अदालत में लगाई गई थी। जिसमें कहा गया था कि कुतुबुद्दीन ऐबक ने 27 मंदिरों को तोड़कर उनके अवशेषों से मस्जिद का निर्माण करवाया था, इसलिए परिसर में बिखरी मूर्तियों को दोबारा स्थापित कर पूजा की अनुमति दी जाए। हालांकि, जज ने याचिका रद्द करते हुए कहा था कि अतीत की गलतियों के कारण वर्तमान में शांति भंग नहीं की जा सकती।

# 2026 तक जारी रहेगा ग्राम स्वराज अभियान योजना, केंद्रीय कैबिनेट ने दी मंजूरी


नई दिल्ली / यूटर्नः केंद्र सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की गति को बढाने को लेकर एक महत्वपूर्ण फैसला लिया है। केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना की मियाद और बढ़ा दी है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में 5,911 करोड़ रुपये के बजट के साथ राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान को 2025 से 26 तक जारी रखने की मंजूरी प्रदान की गई। इसमें केंद्र सरकार की ओर से 3,700 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे जबकि राज्य सरकारों की ओर से 2,211 करोड़ रुपये का व्यय होगा। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने संवाददाताओं को बताया कि राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान को अब 31 मार्च 2026 तक बढ़ाया गया है। इस योजना में 60 फीसद बजट की बढ़ोतरी की गई है। साल 2025-26 तक इस योजना पर 5,911 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे जिसमें केंद्र की ओर से 3,700 करोड़ जबकि राज्यों द्वारा 2,211 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इस योजना के माध्यम से 2.78 लाख ग्रामीण स्थानीय निकायों को टिकाऊ विकास लक्ष्य को पूरा करने में मदद मिलेगी। पहले इस योजना के तहत 1.36 करोड़ लोगों को प्रशिक्षित किया गया। भविष्य में इसके तहत 1.65 करोड़ लोगों को प्रशिक्षित किया जाएगा। पीआइबी की ओर से साझा की गई जानकारी के मुताबिक इस योजना के तहत राष्ट्रीय महत्व के विषयों प्राथमिकता दी जाएगी।

# कांग्रेस के बिना तीसरा मोर्चा संभव नहीं: शरद पवार

मुंबई / यूटर्नः राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) प्रमुख शरद पवार ने मुंबई में बुधवार को कहा कांग्रेस के बिना तीसरा मोर्चा संभव नहीं है। मनसे द्वारा राज्य सरकार को तीन मई तक मस्जिदों में लाउडस्पीकर बंद करने की चेतावनी पर शरद पवार ने कहा कि राज्य सरकार को इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। महंगाई और बेरोज़गारी पर बोलने का समय है, लेकिन इस पर कोई नहीं बोलता। गत दिनों राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद पवार ने कहा था कि उन्हें संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) का अध्यक्ष बनने में कोई रुचि नहीं है और न ही वे किसी भाजपा विरोधी मोर्चे का नेतृत्व करना चाहते हैं। हालांकि, यदि इस प्रकार का कोई मोर्चा बनता है तो वे उसका पूरा समर्थन और सहयोग करेंगे। पवार ने यह भी कहा कि केंद्र में भाजपा का विकल्प देने के उद्देश्य से यदि कोई पहल शुरू की जाती है तो उससे कांग्रेस को बाहर नहीं रखा जा सकता।

# जी-7 समिट में भारत को नहीं बुलाने पर विचार कर रहा जर्मनी

बर्लिन। रूस-यूक्रेन जंग शुरू होने के बाद से ही भारत का स्टैंड न्यूट्रल रहा है। इसे लेकर अब जर्मनी इस बात पर चर्चा कर रहा है कि PM नरेंद्र मोदी को जून में आयोजित होने वाले G-7 सम्मेलन में बुलाया जाए या नहीं। जर्मनी में 26 से 28 जून तक G-7 देशों की मीटिंग होने वाली है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार इस मामले की जानकारी रखने वाले लोगों ने बताया कि बवेरिया (जर्मनी) में होने वाली मीटिंग में सेनेगल, साउथ अफ्रीका और इंडोनेशिया को गेस्ट के रूप में बुलाया जा रहा है, लेकिन भारत को इसमें शामिल किया जाए या नहीं, इस पर अभी तक मंथन चल रहा है। दरअसल, गेस्ट लिस्ट यूक्रेन पर हमले से पहले ही तैयार कर ली गई थी, जिसमें भारत भी था,



लेकिन जंग छिड़ने के 50 दिन बाद इस लिस्ट पर दोबारा विचार किया जा रहा है, क्योंकि भारत ने UN में रूस के खिलाफ हुई किसी भी वोटिंग में हिस्सा नहीं लिया था। संयुक्त राष्ट्र में रूस को मानवाधिकार परिषद से बाहर करने का प्रस्ताव लाया गया था। इस प्रस्ताव पर वोटिंग से भारत समेत 50 देशों ने दूरी बना ली थी। इसके अलावा भारत ने रूस पर प्रतिबंध भी नहीं लगाए हैं। साथ ही रूस से तेल और हथियार खरीदना जारी रखा है। जर्मन सरकार के प्रवक्ता स्टेफेन हेबेस्ट्रेट ने कहा कि जल्द ही G-7 की गेस्ट लिस्ट फाइनल की जाएगी। उन्होंने कहा कि चांसलर कई बार दोहरा चुके हैं कि जर्मनी के ज्यादा से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय साझेदार रूस के खिलाफ पाबंदियां लगाएं।

Owner, Publisher, Printer: Komal Sharma, Printed by: BBF Industries Limited, VPO Bhamiia Kalan, Tajpur Road, Ludhiana PB-141011, Published by : House No. 68, New Sarabha Nagar, VPO, Dad. Ludhiana PB-142022, Chief Editor: Sandeep Sharma